**खबर संक्षेप**

### मैहर हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में महिला गंभीर घायल

**भाई के साथ बड़ी बहन के घर आ रहे थे भाई और बहन**

**मैहर।** मैहर जिले के नेशनल हाईवे पर घुनवारा के पास शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे दो मोटर साइकिलों की भिड़ंत में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घायल महिला को एंबुलेंस की मदद से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उसका उपचार जारी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,घायल महिला की पहचान रानीबाई गौड़ ठाकुर 40वर्ष पति मनोज गौड़ ठाकुर निवासी बड़वारा जिला कटनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रानीबाई अपने भाई सोनेलाल गौड़ ठाकुर और फान सिंह 25 वर्ष के साथ मोटर साइकिल से मैहर के हरनामपुर में अपनी बड़ी बहन के घर घूमने आ रही थीं।इसी दौरान घुनवारा के पास नेशनल हाईवे पर सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रानीबाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस टीम ने घायल महिला को प्राथमिक सहायता देकर मैहर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है। वहीं बाइक चला रहे युवक को हादसे में कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

### अनियंत्रित हार्वेस्टर पलटा, परिचालक हुआ घायल

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहास में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक हार्वेस्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में हार्वेस्टर का परिचालक घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया। हार्वेस्टर के केबिन में फंसे परिचालक को कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीस मिनट में बाहर निकाला गया। घायल परिचालक को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि हार्वेस्टर दमोह से कटनी की ओर जा रहा था, तभी मोहास के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे पलट गया।

### जुआ खेलते 5 जुआरी पकड़ाये, 8,250 रुपए जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अभिनय विश्वकर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम इमलिया स्थित हनुमान जी की तलैया के पास कुछ लोग रुपए-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी सुदेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और पांच आरोपियों को जुआ खेलते पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से फड़ से 8,250 रुपए नगद तथा 52 ताश के पत्ते जब्त किए। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।कार्रवाई में थाना प्रभारी सुदेश कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका रही।

### मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा के लिये आवेदन 11 जुलाई तक

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' के अन्तर्गत मथुरा-वृंदावन की तीर्थयात्रा हेतु कटनी जिले के वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक तीर्थयात्री निर्धारित प्रारूप में 11 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यात्रा हेतु विशेष ट्रेन बालाघाट-नैनपुर (मंडला) से प्रारंभ होकर जबलपुर और कटनी स्टेशनों पर रुकते हुए मथुरा-वृंदावन जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए कटनी जिले को कुल 196 सीटें आवंटित की गई हैं।

### फ्लाईओवर से युवती ने लगाई छलांग,हालत गंभीर

## प्रेम प्रसंग में विवाद की आशंका: हाथ पर लिखा मिला 'बाबू' और मोबाइल नंबर, साथी युवक फरार

**सतना**

कोलगवां थाना क्षेत्र के सेमरिया चौराहा स्थित फ्लाईओवर पर शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया। यहां एक युवती ने युवक से विवाद के बाद फ्लाईओवर से नीचे छलांग लगा दी। नीचे गिरते ही युवती लहूलुहान हो गई।





स्थानीय लोगों की तत्परता से उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया,जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम उसे बचाने के प्रयास में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार,घायल युवती की पहचान संग्राम कॉलोनी निवासी आरती के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार दोपहर आरती फ्लाईओवर पर एक युवक के साथ खड़ी थी। दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो रही थी। विवाद इतना बढ़ा कि युवती ने अचानक रेलिंग पार कर नीचे छलांग लगा दी। युवती के कूदते ही फ्लाईओवर पर हड़कंप मच गया। खुद को फंसता देख साथ में मौजूद युवक तुरंत मौके से फरार हो गया। वहां मौजूद राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों ने बिना वक्त गंवाए पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना युवती को एक ऑटो रिक्शा की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान पुलिस को युवती के हाथ पर एक मोबाइल नंबर और 'बाबू' लिखा हुआ मिला है। आशंका जताई जा रही है कि यह नंबर उसी फरार युवक का है। शुरुआती जांच और हाथ पर लिखे नाम-नंबर के आधार पर पुलिस इसे प्रेम प्रसंग में अनबन का मामला मानकर चल रही है। कोलगवां थाना प्रभारी के अनुसार,पुलिस हाथ पर मिले मोबाइल नंबर को ट्रेस कर रही है और फरार युवक की तलाश में दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि युवती की हालत अभी बात करने जैसी नहीं है; उसके होश में आने और बयान दर्ज होने के बाद ही घटना की असली वजह साफ हो पाएगी।

## मझगवां के गढ़ीघाट में नवविवाहिता ने लगाई फांसी, इलाके में सनसनी

**सतना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गढ़ीघाट से एक बेहद दुखद और सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक 20 वर्षीय नवविवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल निर्मित हो गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,मृतिका की पहचान रुबी मवासी उम्र 20 वर्ष पति अनिल मवासी निवासी गढ़ीघाट,थाना मझगवां के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतिका की शादी महज एक वर्ष पूर्व ही अनिल मवासी के साथ संपन्न हुई थी। घटना के वक्त घर पर कोई मौजूद नहीं था और उसने सूने मकान का फायदा उठाते हुए मौत को गले लगा लिया।

### पति वन्यप्राणी शिकार मामले में है जेल में बंद

इस मामले में एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह भी सामने आया है कि मृतिका का पति अनिल मवासी वर्तमान में जेल में बंद है। उसे कुछ समय पूर्व जंगली सुअर के अवैध शिकार के मामले में पुलिस और वन विभाग द्वारा गिरफ्तार किया गया था,जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। ग्रामीणों और पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक,मृतिका और उसका पति अपने परिवार से अलग रहते थे। पति के जेल जाने के बाद से महिला घर में अकेली रह रही थी और मानसिक तनाव में थी। घटना की भनक लगते ही आस-पास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मझगवां थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर उपरांत मझगवां थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा तैयार कर उसे मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। महिला ने आत्मघाती कदम किन कारणों से उठाया,इसका वास्तविक खुलासा अभी नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और आस-पास के लोगों से पूछताछ कर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## मझगवां वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध महुआ व्यापार करने वाला 'ॐ साई राम ट्रेडर्स' सील, 430 बोरा महुआ और वाहन जप्त

सतना। जैव विविधता और वन संपदा के अवैध दोहन व बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालों के खिलाफ मझगवां वन परिक्षेत्र विभाग ने एक बड़ी और सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) रंजन सिंह परिहार के नेतृत्व में टीम ने अवैध रूप से महुआ के फूल की खरीदी, भंडारण और परिवहन करने वाले 'ओम साई राम ट्रेडर्स' के ठिकाने पर छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत वन विभाग ने गोदाम को सील कर दिया है और भारी मात्रा में अवैध महुआ सहित परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जप्त कर लिया है।




**जैव विविधता अधिनियम 2004 के तहत हुई कार्रवाई**

वन विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार,मझगवां स्थित 'ओम साई राम ट्रेडर्स' का मालिक रामरूप शिवहरे बिना किसी वैध लाइसेंस और अनिवार्य पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) के बड़े पैमाने पर महुआ फूल का अवैध व्यापार संचालित कर रहा था। जैव विविधता अधिनियम 2004 के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत बिना वैध पंजीयन के जैव संसाधनों का भंडारण और परिवहन करना पूरी तरह प्रतिबंधित है, जिसके उल्लंघन पर यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है। ओम सांई राम ट्रेडर्स,मझगवां के प्रोपराइटर रामरूप शिवहरे,निवासी-मझगवां है। यहां से महुआ का फूल (कुल लगभग 430 बोरी) गोदाम में अवैध भंडारण 210 बोरा महुआ फूल वाहन में लोड मात्रा: 220 बोरी महुआ फूल जप्त वाहन का नंबर: एमपी 65 एच 0381 (पंजीयन/वैध दस्तावेज नदारद) वाहन जप्त,वैधानिक कार्रवाई जारी रही। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध वनोपज माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## समय से पूर्व कार्य पूर्ण करने वाले 41 प्रगणक सम्मानित

**सतना।** भारत की आगामी राष्ट्रीय जनगणना 2027 के मद्देनजर नगर पालिक निगम सतना द्वारा चलाए जा रहे मकान सूचीकरण के कार्य में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समय सीमा से पूर्व काम मुकम्मल करने वाले प्रगणकों को प्रोत्साहित करने के लिए आज दिनांक 15 मई 2026 को एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर निगम के आयुक्त कक्ष में आयोजित हुआ।



### निगम आयुक्त डॉ. शेर सिंह मीना ने सौंपे प्रशस्ति पत्र

नगर पालिक निगम के आयुक्त एवं प्रमुख नगर जनगणना अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों की पीठ थपथपाई। उन्होंने अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और तत्परता से निभाने वाले जोन क्रमांक 1, 3, 4 एवं 5 के कुल 41 प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आयुक्त ने कहा कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य को त्रुटिहीन और समय से पहले करना बेहद प्रशंसनीय है और इससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

मकान सूचीकरण के इस महत्वपूर्ण कार्य की कमान संभाल रहे अधिकारियों ने भी प्रगणकों के इस प्रयास को सराहा। इस सम्मान समारोह के दौरान नगर जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त नगर पालिक निगम सत्यम मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही फील्ड स्तर पर मॉनिटरिंग कर रहे जोनल चार्ज अधिकारी भी मौजूद रहे,जिनमें जोन क्रमांक 01 के प्रभारी दीपक बागरी,जोन क्रमांक 03 के प्रभारी के.पी. गुप्ता,जोन क्रमांक 04 के प्रभारी मनीष वर्मा तथा जोन क्रमांक 05 के प्रभारी आकाश बट्टी शामिल थे। कार्यक्रम में निगम के अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे,जिन्होंने सफल प्रगणकों को बधाई दी।

## पीजेएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

**सतना।** पीजेएल कॉलोनी परिसर स्थित क्रिकेट ग्राउंड में 11मई को पीजेएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं,जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 जून को पीजेएल क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। इस अवसर पर प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी टीम भावना को मजबूत करने के साथ-साथ सहयोग एवं समन्वय की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दीं। हेड एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं हेड कॉर्पोरेट एचआर डॉ.मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ संगठन में सकारात्मक कार्य संस्कृति को भी सुदृढ़ करते हैं। उद्घाटन अवसर पर पीजेएल की नई कार्यकारिणी ने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। हाल ही में क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है,जिसमें मनोज कुमार को जनरल सेक्रेटरी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी सदस्यों ने खिलाड़ियों के विकास,बेहतर सुविधाओं एवं प्रतियोगिता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच आरडी-ब्रह्मोस एवं वीएस-पृथ्वी के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वीएस-पृथ्वी की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरडी-ब्रह्मोस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 ओवरों में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रियव्रत सिंह को "मैन ऑफ द मैच" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी टीमों के ओनर्स ने खिलाड़ियों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए टूर्नामेंट को सफल बनाने का संदेश दिया। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों एवं कॉलोनी वासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने दी।



## एकेएस विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एमपीऑनलाइन आईटी पार्क में जाना तकनीक और संवाद का महत्व

**सतना।** तकनीकी शिक्षा को वास्तविक उद्योग जगत से जोड़ने की दिशा में एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के कंप्यूटर साइंस विभाग के 30 विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित एमपी ऑनलाइन का औद्योगिक भ्रमण किया । यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं,बल्कि तकनीक,संवाद कौशल और कार्य संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर बन गई। एमपीऑनलाइन के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। तकनीकी विशेषज्ञों ने कियोस्क सिस्टम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार यह प्रणाली आम नागरिकों तक सेवाएँ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों ने सेवा वितरण की प्रक्रियाओं को रुचि और उत्साह के साथ समझा।मानव संसाधन विभाग के विशेषज्ञों ने प्रभावी संचार कौशल के महत्व पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक सफल डेवलपर केवल तकनीकी रूप से दक्ष नहीं होता,बल्कि बेहतर संवाद क्षमता के माध्यम से क्लाइंट की आवश्यकताओं को समझकर उत्कृष्ट समाधान भी प्रदान करता है।विद्यार्थियों को कंपनी के विभिन्न सेक्शन और विभागों का भ्रमण कराया गया,जिससे उन्हें उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त हुआ। शैक्षणिक सत्र के बाद विद्यार्थियों ने अपर लेक व्यू क्षेत्र का भ्रमण किया। शांत जलराशि और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच विद्यार्थियों ने यादगार पल बिताए तथा समूह फोटोग्राफी के माध्यम से इस अनुभव को संजोया।



## कचरे में चला गया न्यू अरकण्डी के बनने वाला 3 सौ बिस्तरों वाला अस्पताल

**मैहर।**

नवगठित मैहर जिले में विकास की नई संभावनाओं के बीच एक बड़ी स्वास्थ्य परियोजना पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा लंबे समय से प्रयासरत 300 बिस्तरों वाले आधुनिक जिला अस्पताल की योजना अब चयनित भूमि की खराब स्थिति के कारण अटकती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि मैहर जिला बनने के बाद जनता की मांग पर गोलामठ के पीछे न्यू अरकंडी क्षेत्र में लगभग 18 एकड़ भूमि जिला अस्पताल निर्माण के लिए चयनित की गई थी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव था। हाल ही में भोपाल से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा भूमि का मृदा परीक्षण (सॉइल टेस्ट) किया गया,जिसमें जमीन बड़े निर्माण कार्य के लिए अनुपयुक्त पाई गई। सूत्रों के मुताबिक लंबे समय से क्षेत्र में कचरा डम्पिंग होने के कारण मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो गई है। लगातार फैले कचरे और ठोस अपशिष्ट के चलते जमीन निर्माण मानकों पर खरी नहीं उतर सकी। यही वजह है कि अस्पताल निर्माण की प्रक्रिया फिलहाल प्रभावित होती नजर आ रही है। गौरतलब है कि विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जारी विकास पुस्तिका में सपनों का मैहर विजन के तहत इस आधुनिक जिला अस्पताल को प्रमुख ड्रीम प्रोजेक्ट बताया था।



## बिजली विभाग के द्वारा किया गया 5 घंटे का मेंटींनेंस,रात होते ही फिर गुल हुई बिजली

**मैहर।** मैहर सहित ग्रामीण अंचल में मेंटीनेंस के नाम फर्जी बिलों को हजम कर रहा बिजली विभाग वहीं उपभोक्ता कई बार बिजली गोल होने एवं ट्रिपी के कारण रात को सोना हराम हो रहा है।

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। विभाग द्वारा दिन में करीब 5 घंटे का शटडाउन लेकर मेंटेनेंस कार्य किया गया,लेकिन रात होते ही फिर बिजली कटौती शुरू हो गई। भीषण गर्मी और उमस के बीच बार-बार बिजली जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग ने सप्लाई व्यवस्था सुधारने और फाल्ट दूर करने के नाम पर 5 घंटे बिजली बंद रखी थी। लोगों को उम्मीद थी कि मेंटेनेंस के बाद रात में निर्बाध बिजली मिलेगी,लेकिन जैसे ही रात हुई कई इलाकों में बिजली आंख-मिचौली करने लगी। कहीं लो-वोल्टेज की समस्या रही तो कहीं लंबे समय तक सप्लाई बंद रही। स्थानीय नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब 5 घंटे तक शटडाउन लेकर मेंटेनेंस किया गया,तो फिर रात में कटौती क्यों हो रही है? लोगों का आरोप है कि विभाग हर बार मेंटेनेंस का हवाला देता है,लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई नहीं देता।

## सतना का बगहा बायपास रेलवे ओवरब्रिज बना 'डेथ ट्रैप',बेपरवाह प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस

**सतना।** शहर का व्यस्ततम मार्ग माना जाने वाला बगहा बायपास पर बना रेलवे ओवरब्रिज इस समय राहगीरों और वाहन चालकों के लिए साक्षात 'यमराज' का घर साबित हो रहा है।ओवरब्रिज पर लंबे समय से पैदा हुई तकनीकी खराबी या गड्ढों के कारण यह मार्ग एक बार फिर बेहद खतरनाक और जानलेवा हो चुका है। यहाँ से गुजरने वाले हजारों लोगों के साथ कभी भी कोई बड़ी और अप्रिय दुर्घटना घटित हो सकती है,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं।

नहीं की गई बैरिकेडिंग,राहगीर जान जोखिम में डालने को मजबूर स्थानीय नागरिकों और राहगीरों का आरोप है कि ओवरब्रिज की बदहाली और खतरे को भांपने के बावजूद जिला प्रशासन या लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक मार्ग अवरोधक (बैरिकेडिंग) लगाने या रिपेयरिंग की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। रात के अंधेरे में यहाँ स्थिति और भी ज्यादा भयावह हो जाती है,जहाँ अनजाने में भारी और दुपहिया वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। प्रशासन की यह अनदेखी किसी बड़े हादसे को खुला निमंत्रण दे रही है। ट्रैफिक पुलिस का ध्यान सिर्फ चालानी कार्रवाई पर स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि एक तरफ जहाँ इतने बड़े बाईपास पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए,वहीं सतना जिले की ट्रैफिक पुलिस का पूरा ध्यान केवल हेलमेट चेकिंग और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों के ट्रैक्टरों की चेकिंग पर केंद्रित है। जनता का कहना है कि पुलिस का काम केवल चालान काटकर राजस्व वसूलना रह गया है,सड़कों पर बने मौत के कुओं और अव्यवस्थित ट्रैफिक को दुरुस्त करने में उनकी कोई रुचि नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि बगहा ओवरब्रिज पर तुरंत बैरिकेडिंग कर उसकी मरम्मत कराई जाए,अन्यथा किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**खबर संक्षेप**

## भीषण गर्मी से बचाव हेतु दक्षिण पन्ना वन मण्डल में मैदानी अमले को उपयोगी सामग्री वितरित



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा भीषण गर्मी एवं जंगलों में लगातार मैदानी कार्यों को ध्यान में रखते हुए वनकर्मियों, सुरक्षा कर्मियों, फायर वाचर्स तथा वन विभाग के सहयोगी ग्रामीणों को बड़ी संख्या में उपयोगी सामग्री वितरित की गई है। इसका उद्देश्य जंगलों में कार्यरत अमले को गर्मी, लू एवं डिहाइड्रेशन जैसी परिस्थितियों से सुरक्षित रखना तथा उनकी कार्यक्षमता बनाए रखना है। वनमण्डल स्तर पर लगभग 1700 इंसुलेटेड वाटर बॉटल, 1500 कॉटन टी-शर्ट, 2700 इलेक्ट्रॉल सैशे एवं 600 कॉटन गमछों का वितरण किया गया। गर्मियों के दौरान जंगलों में फायर प्रोटेक्शन, गश्त, वन्यजीव संरक्षण एवं अन्य मैदानी गतिविधियों में लगे कर्मचारियों एवं ग्रामीण सहयोगियों के लिए यह सामग्री अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा मैदानी अमले के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कार्य सुविधा को प्राथमिकता देते हुए लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

## युवक पर जंगली सुअर का हमला



**पन्ना।** शाहनगर वन परिक्षेत्र की लमतरा बीट अंतर्गत चकरभटा गांव निवासी 28 वर्षीय राजेंद्र लोधी पिता चंदा लोधी पर जंगली सुअर ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना गुरुवार 15 मई की शाम करीब 5 बजे पहाड़ी एरिया की है।राजेंद्र लोधी अपनी निजी भैंस खोजने चकरभटा की पहाड़ी पर गया था। तभी छेवला के पेड़ के पास झाड़ियों में छिपे जंगली सुअर ने पीछे से हमला कर दिया। हमले में युवक के पैर और शरीर पर गहरे जख्म आए हैं। सूचना मिलते ही 108 बीएलएस एंबुलेंस के चालक ब्रजेंद्र सिंह पटेल और ईएमटी संदीप यादव मौके पर पहुंचे और घायल को शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

**इनका कहना है-**

घायल युवक के इलाज का खर्च वन विभाग वहन करेगा। परिजन इलाज से संबंधित बिल एवं घायल के निजी दस्तावेज वन विभाग कार्यालय में जमा कराएं।

- राहुल कटारे, वन परिक्षेत्र अधिकारी, शाहनगर

## देवेंद्रनगर में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस



**देवेन्द्रनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में सीबीएमओ डॉक्टर अभिषेक जैन की अध्यक्षता में आज दिनांक 16/मई/2026 को डेंगू दिवस मनाया गया। डॉ जैन द्वारा डेंगू दिवस के उपलक्ष में डेंगू के बारे में गहराई से जानकारी देते हुए बताया गया कि डेंगू ऐडीज मच्छर के काटने से होता है ऐडीज मच्छर दिन के समय मैं काटता है इसमें अचानक तेज बुखार सर दर्द होना मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना ,जो की आंखों को घुमाने से बढ़ता है जीमच लाना ,उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक मुंह मसूड़े से खून आना, त्वचा पर चकते उभर आना, यह सामान्य लक्षण देखने को मिलते हैं इस प्रकार के लक्षण यदि दिखाई देते हैं तो आप तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर के निशुल्क इलाज लेवे एवं जांच करावे डेंगू बुखार से बचने के लिए श्री कमलेश प्रजापति उजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मच्छर से फैलने वाले वॉहक जनित रोग डेंगू चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षा के लिए मच्छर के काटने से बचाना सबसे अच्छा उपाय है इसमें बताया गया की वर्षा काल में जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाने से मच्छरों की उत्पत्ति वा वृद्धि हो जाती है यह मच्छर रोगी व्यक्तियों को काटने पर संक्रमित हो जाते हैं वह संक्रमित मच्छर स्वस्थ व्यक्ति को काटने से डेंगू चिकनगुनिया रोग का प्रसार करते हैं इन बीमारियों का बचाव पानी में पैदा होने वाले मच्छरों के लारवा के नियंत्रण से ही प्रारंभ हो जाता है लार्वा पाए जाने वाले निम्न स्थानों जैसे मच्छर के लार्वा कूलर में भरा पानी ,पानी की टंकी ,पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन ,फ्रिज, ट्रे, फूलदान, इत्यादि मैं पनपते है उक्त को प्रति सप्ताह खाली करते रहे और उन्हें धूप में सुखाकर प्रयोग करें नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन ,टायरों, मैं अपनी जमा ना होने दे, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली ,पर्दे, लगाए पैर में मौजे ,और दिन में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

# वट सावित्री व्रत पर पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाओं ने की बरगद की पूजा



**पवई।**

जेठ माह की अमावस्या के दिन सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर वट सावित्री की पूजा करती हैं और व्रत रखती हैं. इस व्रत में महिलाएं बरगद की पेड़ की विशेष पूजा-अर्चना करती है। महिलाएं बरगद के पेड़ के चारों तरफ मौली बंधन भी बांधती हैं। प्रतिवर्ष जेठ माह की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। वट सावित्री के अवसर पर पवई नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओ ने व्रत रखकर बरगद के वृक्ष की पूजा-अर्चना के इस दौरान महिलाएं सज-धज कर मंगल गीत गाती हुई बरगद के पेड़ के पास पहुंची और बरगद के पेड़ को कुमकुम से तिलक लगाकर फल, गुड़ व नारियल का प्रसाद चढ़ाती हैं। इस दौरान महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर बरगद के पेड़ के चारों तरफ मौली बंधन बाधते हुऐ परिक्रमा करती हैं. पवई नगर के मा कलेही मन्दिर परिसर विश्राम गृह थाना परिसर ,मिलोनीगंज नन्ही पवई कन्याशाला, मोहन्द्ररोड के पास स्थित बरगद के पेड़ पर आज काफी संख्या में महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए पहुंची. ओर विधिविधान से पूजा अर्चना की साथ ही कन्याओ व युवतियों ने भी पुतलियों की पूजा करते हुए सुख समृद्धि की कामना की।



### तहसीलदार शाहनगर सहित कस्बे की महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत, पति की दीर्घायु की मांगी दुआ

**पन्ना।** अखंड सौभाग्य के प्रतीक वट सावित्री व्रत पर शनिवार 16 मई की सुबह 7 बजे शाहनगर तहसीलदार श्री मति कोमल सिंह ने कस्बे की महिलाओं के साथ बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना कर पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और परिवार की सलामती की इस अवसर पर कस्बा के थाना मंन्दिर स्थित हनुमान मंन्दिर के समीप लगे विशाल वट वृक्ष में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी। सुहागिनों ने 16 श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा की। ततपश्चात कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा की और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को यह व्रत रखने से पति को लंबी उम्र मिलती है और दांपत्य जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। इसी आस्था के चलते नवविवाहिताओं से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक ने पूरे नियम से व्रत रखा। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती कोमल सिंह, तहसीलदार, शाहनगर ने बताया की वट सवित्री पर्व भारतीय नारियों के जीवन में एक ऐसा ही पावन पर्व है, जो नारी की शक्ति, अटूट प्रेम, धैर्य, विश्वास और समर्पण की अद्भुत परंपरा को जीवंत रखे हुए है।ष्उत्तर भारत में आज जयेष्ठ की अमावस्या और , दक्षिण भारत में पूर्णिमा के मनाया जाता है यह पर्व सत्यवान और -सावित्री के जीवन चरित्र की गाथा पर आधारित है इस दिन महिलाये वट वृक्ष की 108 या 12 परिक्रमा कर अपनी संतान एवं पति की सलामती के लिये प्रार्थना करतीं है प्रशासन की ओर से सभी व्रती महिलाओं को इस पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं।

# मझगांव डेम प्रभावितों के लिए राहत की बड़ी पहल- पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने दिया भरोसा “हर विस्थापित परिवार को सम्मान के साथ बसाया जाएगा”



**पन्ना।**

मझगांव डेम परियोजना से प्रभावित परिवारों के लिए राहत और उम्मीद भरी बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से पुनर्वास, जमीन, मुआवजा और आवास जैसी समस्याओं से जूझ रहे प्रभावित ग्रामीणों की आवाज अब शासन स्तर तक पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में ग्राम बालूपुर, कुंवरपुर, बहनरी सहित कई प्रभावित गांवों के ग्रामीण पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी समस्याएं और मांगें विस्तार से रखीं।ग्रामीणों से आत्मीयता के साथ चर्चा करते हुए विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मझगांव डेम प्रभावितों को किसी भी स्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी विस्थापित परिवारों को सरकारी जमीन आवंटित कराने के लिए शासन स्तर पर गंभीर पहल की जाएगी, ताकि प्रत्येक प्रभावित परिवार अपना घर बना सके और सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के साथ प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास भी उतना ही जरूरी है। सरकार की मंशा है कि हर प्रभावित परिवार को बेहतर सुविधाएं और स्थायी व्यवस्था मिले। इसी उद्देश्य से प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों की एक टीम भोपाल भेजी जाएगी, जो मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागों के समक्ष सीधे अपनी बात रखेगी। बैठक में पुनर्वास के साथ-साथ सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों के माध्यम से इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को शासन की सभी हितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।इस दौरान पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि सभी प्रभावित परिवारों का दोबारा सर्वे कराया जाएगा। जो लोग किसी कारणवश सर्वे सूची में छूट गए हैं, उन्हें भी सूची में जोड़ने का कार्य किया जाएगा। साथ ही मुआवजे से जुड़ी तमाम विसंगतियों को दूर कर पात्र लोगों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और प्रशासन से समन्वय बनाकर सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान कराया जाएगा। विधायक के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों में भरोसा और उत्साह देखने को मिला।ग्रामीणों ने भी विधायक के सकारात्मक रुख और संवेदनशील पहल पर संतोष जताया। लोगों का कहना है कि पहली बार उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान की दिशा में ठोस पहल का भरोसा मिला है। बैठक के बाद प्रभावित परिवारों में नई उम्मीद दिखाई दी और लोगों ने पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के प्रति विश्वास व्यक्त किया।मझगांव डेम परियोजना क्षेत्र में यह बैठक अब एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखी जा रही है, जहां विकास और पुनर्वास दोनों को साथ लेकर चलने की बात सामने आई है।



### वर्षों से फरार आरोपी को पवई पुलिस ने किया गिरफ्तार, थाना पवई, कोतवाली एवं धरमपुर के कुल 8 प्रकरणों में फरार चल रहा था आरोपी

**पवई।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में दीर्घकालिक लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में थाना पवई पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान थाना पवई के अपराध क्रमांक 559/2020, 13/2021, 34/2021 एवं 89/2021 धारा 457, 380 भादवि के अंतर्गत घर में घुसकर चोरी करने के मामलों में पिछले 05 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद यासीन खान पिता कल्लू खान उम्र 49 वर्ष निवासी नरैनी जिला बांदा (उ.प्र.) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। उक्त आरोपी थाना पवई के 04 अपराधों के अतिरिक्त कोतवाली पन्ना के 03 एवं थाना धरमपुर के 01 अपराध में भी फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना वंदना सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भावना दांगी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिश एवं तकनीकी जानकारी एकत्रित कर दिनांक 15/05/2026 को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से प्राप्त पुलिस रिमांड के आधार पर आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**उल्लेखनीय भूमिका** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, उप निरीक्षक एम.एल. कोल, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र प्रजापति, आरक्षक राजेश बरकने एवं पन्ना साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




**नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में जिला कांग्रेस का प्रदर्शन**

## मशाल जुलूस निकाल मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

**पन्ना।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में आज पूरे प्रदेश के साथ-साथ पन्ना में भी कांग्रेस का आक्रोश फूट पड़ा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक विशाल मशाल जुलूस निकालकर उग्र विरोध प्रदर्शन किया।

**अजयगढ़ चौराहा से अंबेडकर चौक तक फूटा आक्रोश-**

<शनिवार शाम को स्थानीय अजयगढ़ चौराहा पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहाँ से जिला अध्यक्ष अनीश खान की अगुवाई में मशाल जुलूस की शुरुआत हुई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ अंबेडकर चौक पहुंचा। हाथों में जलती हुई मशालें लिए कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग**–प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। अंबेडकर चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनीश खान ने कहा नीट परीक्षा में हुए महाघोटाले और पेपर लीक ने देश के लाखों होनहार छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। सरकार इस पूरे मामले पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। छात्रों के भविष्य के साथ ऐसा खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने मांग की है कि देश के छात्रों के साथ न्याय किया जाए और इस पूरे घटनाक्रम की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें।

**प्रदर्शन में यह रहे मौजूद**–इस मशाल जुलूस और विरोध प्रदर्शन में जिला एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश जाटव, वरिष्ठ नेता शिवजीत सिंह, पुरुषोत्तम जड़िया, मुरारीलाल थापक, आनंद शुक्ला, श्रीमती रमा बुंदेला, श्रीमती आस्था तिवारी, आशीष बागरी, शशीकांत दिक्षित, राजबहादुर पटेल, शिव प्रकाश दीक्षित, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, बृजेंद्र यादव, सत्यजीत सिंह परमार, अंकित शर्मा, सौरभ पटेरिया, रहीमा खातून, चांदनी जाटव, जितेंद्र जाटव, हिम्मत बागरी, अमित शर्मा, अनिकेत बागरी, समरजीत बागरी, सोनू चौधरी,राजेश दुवेदी, फैज मोहम्मद, फैयाज मोहम्मद, सरदार सिंह यादव, रेवती रमन दीक्षित, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

# भाजपा के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शानवी लैंड मार्क में शुभारंभ






**पन्ना।** होटल शानवी लैंड मार्क मैं भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का भव्य शुभारंभ उद्घाटन सत्र के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया गया। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा, बूथ प्रबंधन,सरकार की योजनाएं तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के प्रशिक्षण प्रभारी श्री विजय दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता जिस विचार के लिए काम कर रहा है वह विचार राष्ट्रभक्ति और देश प्रेम से ओतप्रोत हैं हम आज भी भारत भूमि को अपनी मां गाय को मां और गंगा को मां को मानते हैं हमें पता होना चाहिए कि हम जिस देश राष्ट्र के लिए काम कर रहे हैं वह भावना केवल भारतीय जनता पार्टी हमें दे सकती है। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार करने का माध्यम बनेगा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश सरकार की नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना से युवाओं को रोजगार मिल रहा है तथा पर्यटन और संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और गरीब उत्थान के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। प्रशिक्षण सत्र में प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी श्री गौरव रन दिवे ने कहा बूथ प्रबंधन पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति निर्माण व्यवहार एवं कार्य कुशलता का बूथ प्रबंध का एक अंग है बूथ टोली में 11 सदस्यों की समिति रहती है यह टोली सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी होनी चाहिए उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय विकास कार्य बाधित रहे, जबकि भाजपा सरकार देश और प्रदेश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता प्रशिक्षण एवं आगामी राजनीतिक कार्ययोजना को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मुख्य रूप से बूथ प्रबंधन पर प्रदेश महामंत्री गौरव रन दिवे ने व्यवहारिक अधिष्ठान पर श्रीमती नंदिता पाठक ने कार्यकर्ता विकास संयम एवं अपेक्षाओं पर जहर सिंह जी ने देश के समक्ष राजनीतिक एवं सामाजिक चुनौतियों पर सांसद राहुल लोधी जी ने और अंतिम शत्र कार्य पद्धति पर पूर्व जिला अध्यक्ष सतानंद गौतम ने अपने-अपने सत्र के दौरान विचार रखें। इस अवसर पर विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह,पवई विधायक प्रहलाद लोधी, गुनौर विधायक राजेश वर्मा,जिला प्रभारी श्री जाहर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सतानंद गौतम प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश चौरसिया अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।



### अवैध हीरा खदानों के पास सांभर का शिकार, विस्फोटक से मौत; बाघ क्षेत्र में दूसरी घटना

**पन्ना।** पन्ना जिले के उत्तर वनमंडल के तहत विश्रामगंज रेंज में जंगल की सीमा के किनारे अवैध रूप से हीरा और पत्थर की खदानें संचालित हैं। यहां 9 बाघों का स्थाई आवास है पूरा जंगल ही बाघ भ्रमण क्षेत्र है। गुरुवार को सरकौहा गांव के पास संचालित अवैध हीरा खदानों के पास एक सांभर का शिकार किया गया है। मिश्राम गंज रेंज में एक सप्ताह में सांभर के शिकार की यह दूसरी घटना है। इसी रेंज में 8 मई को भी एक शिकार पकड़ा गया था। विश्रमगंज रेंजर नितिन राजौरिया ने बताया कि वयस्क सांभर का शिकार सरकौहा गांव के पास किया गया है। शव का शुक्रवार को पीएम किया गया। पीएम करने वाले डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि सांभर के मुंह में विस्फोटक फटने से उसकी मौत हुई है। सांभर के सींग भी गायब थे। पहली नजर में यह शिकार का मामला है।

खबर संक्षेप

## घायल महिला को कुर्सी पर लिटाकर पहुंचे परिजन, एसपी से लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उस समय भावुक माहौल बन गया, जब एक घायल महिला को उसके परिजन कुर्सी पर लिटाकर शिकायत लेकर पहुंचे। परिजनों ने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।पीड़ित परिवार के अनुसार, महिला के साथ विवाद के दौरान मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मामले की शिकायत थाना बड़ामलहरा में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे। पीड़ित हरि वंशकार निवासी वार्ड क्रमांक 14, फील्ड मोहल्ला, बड़ामलहरा ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले मनीष, कैलाश, हरि एवं उनके परिवार के सदस्य आए दिन गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फोन पर भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास मौजूद है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## जिला अस्पताल में 7 बच्चों के टेढ़े-मेढ़े पैर हुए ठीक, निःशुल्क इलाज से परिवारों को मिली राहत



छतरपुर। जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर रवि सोनी और उनकी टीम ने एक साथ 7 जन्मजात टेढ़े-मेढ़े पैर से पीड़ित बच्चों का सफल उपचार कर उन्हें नई जिंदगी देने का कार्य किया है। इन बच्चों में छतरपुर जिले के 5 बच्चे, पन्ना जिले का 1 बच्चा और उत्तर प्रदेश के फरीदाबाद से आया 1 बच्चा शामिल है। सभी बच्चों का इलाज पॉपस्टार पद्धति के माध्यम से किया गया। डॉक्टर रवि सोनी ने बताया कि जन्म से टेढ़े-मेढ़े पैर की समस्या का पूरी तरह इलाज संभव है और समय पर उपचार मिलने से बच्चे सामान्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक उनकी टीम 500 से अधिक बच्चों के जन्मजात टेढ़े-मेढ़े पैरों को सफलतापूर्वक ठीक कर चुकी है।उन्होंने कहा कि यदि यही इलाज किसी निजी अस्पताल में कराया जाए तो परिवारों को 50 से 60 हजार रुपये तक खर्च करना पड़ता है, जबकि जिला अस्पताल में यह उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। इस पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। डॉक्टर रवि सोनी ने बच्चों के परिजनों से अपील करते हुए कहा कि इस बीमारी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। सही समय पर इलाज शुरू होने से बच्चों के पैर पूरी तरह ठीक हो सकते हैं। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ टीम द्वारा लगातार ऐसे बच्चों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है।

## शनिश्चरी अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



खजुराहो। शनिश्चरी अमावस्या के अवसर पर मतंगेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए हजारों भक्त पहुंचे।नगर सहित समूचे बुंदेलखंड क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने भगवान मतंगेश्वर महादेव की परिक्रमा कर भांग, धतूरा, शमी पत्र, बेलपत्र एवं पुष्प अर्पित किए तथा जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने पहले शिवसागर तालाब में स्नान किया, इसके बाद मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। मंदिर परिसर और घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल एवं थाना प्रभारी नंदकिशोर सोलंकी के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी एवं सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### प्रताडऩा से परेशान महिला ने खाया जहर, अस्पताल में जिंदगी मौत से रही जूझ

# तीसरे पति के संग लौटी महिला का दूसरे पति और बेटे ने किया अपहरण

छतरपुर। पारिवारिक विवाद और रिश्तों के उलझे मामले ने एक बार फिर से सनसनी फैला दी है। टपरियन लखेरी गांव की रहने वाली सरोज पटेल नामक महिला ने दूसरे पति से प्रताड़ित होकर जहर खा लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वर्तमान में महिला जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। जानकारी के अनुसार सरोज पटेल ने हाल ही में हल्के पटेल नामक युवक से कोर्ट मैरिज की थी और दोनो करीब दो माह तक बाहर गांव से रहे। और 15 मई को वापिस लौटने पर दोनो सीधे खुजराहो थाने पहुंचे और सरोज के दूसरे पति कालीचरण उर्फ कल्लू पटेल एवं उसके भाई पन्ना लाल पटेल से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की। पुलिस ने दोनो को सुरक्षा का भरोसा दिया और गांव जाने की सलाह दी। पुलिस की सलाह और भरोसे के अनुसार सरोज और हल्के पटेल टपरियन लखेरी गांव पहुंचे। लेकिन आरोप है कि करीब एक घंटे बाद कालीचरण उर्फ कल्लू पटेल अपने बेटे महेन्द्र पटेल के साथ मोटर साईकिल से पहुंचा और सरोज को जबरन उठाकर ले गया। परिवार के लोगों के अनुसार सरोज को कमरे में बंद करके उसके साथ मारपीट की गई और प्रताड़ित भी किया गया। जिससे परेशान होकर सरोज ने जहर खा लिया। जहर खाने के बाद सरोज की हालत बिगडऩे लगी तो उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उसका ईलाज चल रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में खजुराहो थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है और महिला सरोज को उसका दूसरा पति अपने साथ ले गया था। दोनो पक्षों को थाने बुलाकर जांच की जाएगी, वहीं इस मामले में यह भी बताया जा रहा है कि सरोज की पहली शादी सद्दूपुरा निवासी हरीराम पटेल से हुई थी जिसके दो बेटे भी है लेकिन बाद में सरोज ने हरीराम से अलग होकर कालीचरण उर्फ कल्लू पटेल के साथ रहना शुरू कर दिया था। उसके साथ भी सरोज का विवाद होने लगा तो उसे हल्के पटेल से कोर्ट मैरिज कर ली। यह पूरा मामला इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और पुलिस भी मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# पुलिस की गिरफ्त में आए सुपरवाइजर का अपहरण करने वाले 4 बदमाश



छतरपुर। जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिनदहाड़े मोराहा से सड़क निर्माण से जुड़ी एमकेसी कंपनी के सुपरवाइजर राम खिलाड़ी शर्मा का अपहरण करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पुलिस ने शहर में कोतवाली से लेकर महल तक इन चारों आरोपियों का पैदल जुलूस निकाला।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सटई के जंगलों से पीड़ित को सुरक्षित मुक्त कराने के साथ ही बदमाशों के खाते में ट्रांसफर की गई 10 लाख रुपए की फिरौती की रकम को भी फ्रीज करा दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कार, एक कट्टा, कारतूस और पीड़ित की मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसपी रजत सकलेचा ने 10 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया था।

### पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचे आरोपी

कोतवाली टीआई सतीश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि घटना के बाद भान सिंह, विशाल यादव एवं एक अन्य पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की सघन विवेचना के उपरांत आरोपी भान सिंह, विशाल यादव, विकास यादव और अंकित यादव के ऊपर अपराध पूरी तरह सिद्ध पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर इन चारों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का कट्टा, जिंदा कारतूस, पीड़ित की मोटरसाइकिल, आरोपियों के मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल की गई बोलेरो कार जब्त की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है और यदि इस सनसनीखेज वारदात में कुछ अन्य लोग भी शामिल पाए जाते हैं, तो उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी भान सिंह पर जुआ, मारपीट जैसे 6 अपराध, विशाल यादव पर मारपीट, एससीएसटी एक्ट के 3 एवं विकास यादव पर मारपीट, एससीएसटी एक्ट का एक अपराध पूर्व से दर्ज है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोरवा गांव में सड़क निर्माण के लिए मिट्टी उपलब्ध कराने वाली एमकेसी कंपनी का कार्यालय स्थित है। घटना के दिन बोलेरो सवार तीन बदमाश कंपनी के कार्यालय पहुंचे और वहां मौजूद सुपरवाइजर राम खिलाड़ी शर्मा के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद बदमाश उन्हें जबरन गाड़ी में डालकर भाग निकले। अपहरण की इस वारदात के कुछ ही देर बाद बदमाशों ने पीड़ित के परिजनों से 10 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। डर के मारे परिजनों ने बदमाशों द्वारा बताए गए बैंक खाते में फिरौती की रकम ट्रांसफर भी कर दी थी।

### रातभर जंगलों में चली सर्चिंग, फ्रीज हुई फिरौती

कंपनी के मैनेजर संजय सोढ़ी द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दिए जाने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रजत सकलेचा और एएसपी आदित्य पटले ने तत्काल कोतवाली, सिविल लाइन और ओरछा रोड थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित कीं। सीएसपी अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में पुलिस बल ने रातभर संदिग्ध ठिकानों और जंगलों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया।

पुलिस के बढ़ते चौतरफा दबाव को देखकर बदमाश पीड़ित सुपरवाइजर को सटई क्षेत्र के जंगलों में छोड़कर भागने की कोशिश करने लगे, जहां मुस्तैद पुलिस टीम ने राम खिलाड़ी शर्मा को सुरक्षित मुक्त करा लिया। इसके साथ ही पुलिस ने साइबर सेल की मदद से संबंधित बैंक खाते को तत्काल होल्ड (फ्रीज) करा दिया, जिससे फिरौती की रकम बदमाशों के हाथ नहीं लग सकी। पुलिस की इस त्वरित और सफल कार्रवाई से पीड़ित के परिवार और कंपनी प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

# सूदखोरी के विवाद में गर्भवती महिला से मारपीट, जिला अस्पताल में भर्ती



छतरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सूदखोरी के विवाद को लेकर एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज गर्भवती वार्ड में जारी है।जानकारी के अनुसार, घायल अप्साना खातून (30 वर्ष) निवासी संकट मोचन, सिंघाड़ी नदी के पास किराए के मकान में रहती हैं। उनके पति कांवड़ फेरी का काम करते हैं। बताया गया है कि बसारी दरवाजा निवासी बाबू नामक व्यक्ति की कबाड़ दुकान है।घटना शनिवार सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। मारपीट में महिला के सिर और पेट में चोट आई है। परिजनों के अनुसार महिला चार माह की गर्भवती है, जिससे उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। घायल महिला ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उसने बाबू से 10 हजार रुपये लिए थे, जिन्हें बाद में वापस भी कर दिया गया था। इसके बावजूद बाबू और रूपयों की मांग की जा रही है जिस कारण विवाद हुआ और मारपीट की घटना सामने आई। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# फायर एक्सटिंग्विशर से निकला धुआं, आग की अफवाह से ट्रेन में मची अफरा-तफरी



बमीठा। प्रयागराज से खजुराहो होते हुए डॉ. अंबेडकर नगर महू जाने वाली ट्रेन संख्या 14116 में आग लगने की अफवाह से यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना ट्रेन की बोगी संख्या एस-7 (257783) में हुई, जहां सीट के नीचे रखे फायर एक्सटिंग्विशर पर गलती से एक यात्री का पैर पड़ गया। इससे उसमें से अचानक पाउडर वाला धुआं निकलने लगा। धुआं उठता देख किसी यात्री ने ट्रेन में आग लगने का शोर मचा दिया। इसके बाद बोगी में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। डर के कारण कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर धीमी गति से चल रही ट्रेन से ही कूद गईं। सूचना मिलते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को महोबा स्टेशन से करीब 20 किलोमीटर आगे आउटर पर रोक दिया।ट्रेन रुकते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि ट्रेन में आग नहीं लगी थी, बल्कि फायर एक्सटिंग्विशर का सेफ्टी पिन दब जाने से धुआं निकला था। अधिकारियों के अनुसार घबराहट में 3 से 4 महिलाएं बच्चों सहित ट्रेन से उतर गईं, जिनमें से दो महिलाओं को मामूली चोट आई। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।घटना के दौरान कई यात्री घबराकर आउटर पर ही उतर गए। करीब 15 मिनट बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया, लेकिन 12 यात्री वहीं छूट गए। बाद में आरपीएफ ने वाहन की व्यवस्था कर सभी यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायत वापस न लेने पर महिला से मारपीट का आरोप



छतरपुर। जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी पर मारपीट और अभद्र व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को पीड़िता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और पूरे मामले की शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार ग्राम बमनी छईछुआ निवासी रामबाई ने बताया कि बड़ामलहरा थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी सरमन कुमार ने उसे फोन कर इलाज कराने के बहाने थाने बुलाया था। महिला का आरोप है कि थाने पहुंचने के बाद उससे सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने शिकायत वापस लेने से इनकार किया तो पुलिसकर्मी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। महिला का कहना है कि मारपीट के दौरान उसका मंगलसूत्र भी टूट गया तथा उसे घसीटा गया। महिला ने यह भी बताया कि उसका पति शुक्रवार से लापता है। उसे आशंका है कि गांव के सरपंच काशीराम द्वारा उसके पति के साथ मारपीट करवाई गई है पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मी एवं अन्य संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# युवक के साथ मारपीट, थाने में नहीं हुई सुनवाई, एसपी ऑफिस पहुंच लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैरा निवासी एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित मुकेश अनुरागी ने शिकायत में बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे वह गांव के बाहर पुलिया पर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के ही रामसनेही यादव वहां पहुंचे और बिना वजह गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।मुकेश अनुरागी ने बताया कि किसी तरह वह मौके से जान बचाकर भागा। घटना के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में सुदामा कुशवाहा और सोनू अनुरागी को गवाह बताया गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद मामले की शिकायत थाना लवकुशनगर में की गई, लेकिन पूरे दिन थाने में बैठे रहने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## स्वच्छता पखवाड़ा–2026 : एनटीपीसी विंध्याचल में भव्य स्वच्छता रैली एवं शपथ समारोह का आयोजन



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को सशक्त करते हुए “स्वच्छता पखवाड़ा-2026” के अंतर्गत भव्य स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, CISF कर्मियों तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता रैली का शुभारंभ विंध्य क्लब से शुरू होकर इसका समापन श्री सर्वेश्वर मंदिर परिसर में हुआ। रैली के दौरान स्वच्छता एवं जन-जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायी नारों से सम्पूर्ण नगर परिसर गूंज उठा।स्वच्छता शपथ एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री संजीब कुमार साहा द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एवं एफ़एम), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तथा श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) विशेष रूप से उपस्थित रहे। शपथ के दौरान प्रतिभागियों ने प्रतिवर्ष 100 घंटे स्वच्छता कार्यों हेतु समर्पित करने, स्वयं कभी गंदगी न फैलाने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छ भारत मिशन से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता ने एनटीपीसी विंध्याचल की जिम्मेदारी एवं सहभागिता की सशक्त कार्य संस्कृति को प्रदर्शित किया। साथ ही यह अभियान नगर परिसर, कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु परियोजना की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की बरगद वृक्ष की पूजा, मांगा अखंड सौभाग्य



चंदला। नगर सहित पूरे क्षेत्र में शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु एवं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए व्रत रखा और विधि-विधान से बरगद वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही मंदिरों और वट वृक्षों के आसपास महिलाओं की भीड़ देखने को मिली।धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन माता सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। कहा जाता है कि बरगद वृक्ष के नीचे ही सत्यवान को पुनर्जीवन मिला था, तभी से वट वृक्ष की पूजा की परंपरा चली आ रही है। बरगद के वृक्ष को दीर्घायु, स्थिरता और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।चंदला में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के नीचे पूजा की। उन्होंने जल, रोली, अक्षत एवं फूल अर्पित किए तथा पीले और कच्चे सूत के धागे वृक्ष के चारों ओर लपेटकर परिक्रमा की। इस दौरान महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा सुनी और एक-दूसरे को सुहाग सामग्री भेंट कर मंगलकामनाएं दीं।

# एनसीएल की अमलोरी एवं बीना परियोजनाओं में ‘बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0’ का आयोजन



### 162 विद्यार्थियों ने सीखे जीवन रक्षण के गुर

सिंगरौली। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा प्रथम चरण में गृहिणियों को बेसिक फर्स्ट-एड प्रशिक्षण देने के बाद ‘बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0’ का शुभारंभ किया गया है। इस चरण के अंतर्गत एनसीएल पोषित स्कूलों के बच्चों में प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूकता तथा आपातकालीन परिस्थितियों हेतु उन्हें सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया जा रहा है | इसी क्रम में एनसीएल की अमलोरी एवं बीना परियोजना में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार के मूलभूत सिद्धांतों, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता, घायल व्यक्ति की देखभाल, सीपीआर एवं दैनिक जीवन में सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएवी विद्यालय, बीना से 80 विद्यार्थी और डीएवी विद्यालय, अमलोरी से 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि ‘बेसिक फर्स्ट-एड ट्रेनिंग 2.0’ के फेज -1 की शुरुआत में एनसीएल के 10 स्कूलों के 3200 बच्चों को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल के तहत पहला कार्यक्रम खड़िया परियोजना के डीएवी विद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें दो बैचों में 155 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# एनसीएल में धूम धाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2026



सिंगरौली। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2026 मनाया गया। इस दौरान अधिकारी क्लब, सिंगरौली में केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कृति महिला मण्डल उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, सीएमएस , केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली, डॉ. मंजरी मेहता व टीम एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बी. साईराम एवं निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार के संदेशों का वाचन किया गया। इस दौरान अपने संदेशों में सीएमडी एनसीएल एवं निदेशक (मानव संसाधन) ने एनसीएल के समस्त नर्सिंग स्टाफ के सेवा भाव, मानवीय संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की एवं उन्हें कोयला योद्धाओं एवं उनके परिवारों सहित परिधीय समुदायों की स्वास्थ्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु धन्यवाद दिया।इस अवसर पर आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों – गीत, डांस, प्ले/स्कीट, मेडिकल अवेयरनेस स्पीच, कविता वाचन, फ़ैशन वॉक, सोलो डांस एवं गायन का आयोजन किया गया जिसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि हर साल स्वास्थ्य संस्थानों में नर्सों के योगदान को सम्मान देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है।

**खबर संक्षेप**

## किसानों को दी गई प्राकृतिक खेती करने की समझाइश

**रीवा।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की समझाइश दी जा रही है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत रीठी में आयोजित किसान संगोष्ठी में किसानों को विकास पोर्टल, ई उर्वरक, जैविक व प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के साथ ही पराली न जलाने की समझाइश दी गई। किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने फसल विविधीकरण से होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. किंजल्क सिंह, डॉ. स्मिता सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस की तत्परता से बाल विवाह रूका, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बाल संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत थाना उमरियापान पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए ग्राम भटगवां में होने जा रहे एक नाबालिग बालिका के बाल विवाह को समय रहते रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार 13 मई 2026 को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम भटगवां में 15 वर्षीय बालिका का विवाह कराया जा रहा है। इस संबंध में न्यायालय जे.एम.एफ.सी. ढीमरखेड़ा द्वारा जांच के निर्देश भी प्राप्त हुए थे। सूचना मिलते ही उमरियापान पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और कार्रवाई प्रारंभ की।पुलिस टीम ने बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी कि नाबालिग बालिका का विवाह कराना कानूनन अपराध है तथा इससे उसके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस की समझाइश का सकारात्मक परिणाम सामने आया और परिजनों ने विवाह कार्यक्रम तत्काल रोक दिया।परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका के बालिग होने के बाद ही विधिसम्मत तरीके से विवाह किया जाएगा। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र जायसवाल, उप निरीक्षक भरत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, आरक्षक अजय तिवारी सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नए कैंसर अस्पताल में उपचार के लिए 11 नए विशेषज्ञों के पद की मांग मेडिकल कॉलेज चिकित्सा संचालनालय को भेजा प्रस्ताव, शीघ्र मिलेगी मंजूरी

रीवा




श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत बनने वाले कैंसर अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञों के 11 नए पद होंगे। इन नए पदों के लिए स्वीकृति का प्रस्ताव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संचालनालय को भेजा गया है। प्रस्ताव के जल्दी ही स्वीकृति होने की संभावना जताई जा रही है। ये पद स्वीकृत होने पर कैंसर अस्पताल में गंभीर रोगियों का इलाज करने वाले विशेषज्ञों की कमी नहीं होगी। साथ ही अन्य तकनीकी स्टॉफ के नए पद सृजित करने की मांग भी प्रस्ताव के माध्यम से की गई है बता दे महाविद्यालय परिसर में 322 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यो के साथ ही कैंसर अस्पताल भवन का निर्माण भी हो रहा है। यह अस्पताल भवन 200 बिस्तर का होगा। यानी विंध्य के 200 कैंसर मरीजों को यहां एक साथ उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इस भवन का निर्माण चालू वर्ष के आखिरी तक पूरा हो सकता है। संभावना है कि मार्च 2027 तक निर्माण एजेंसी द्वारा कॉलेज प्रबंधन को नवनिर्मित भवन हैंड ओवर कर दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने हाल ही में हुई सामान्य सभा की बैठक में भी इस विषय पर चर्चा की और जिम्मेदारों को शीघ्र निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए हैं।नई मशीन के साथ विशेषज्ञों की आवश्यकताअभी संजय गांधी अस्पताल में 32 बिस्तर का कैंसर वार्ड संचालित है। इसकी जिम्मेदारी इकलौते एसोसिएट प्रोफेसर के पास है। अन्य कोई विशेषज्ञ फिलहाल इस विभाग में नहीं है। अब चूंकि 200 बिस्तर का नया कैंसर अस्पताल बनने जा रहा है। इस नए भवन में अत्याधुनिक मशीन भी स्थापित की जाएंगी। ऐसे में अस्पताल को नए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। इस लिहाज से नए पदों की मांग संचालनालय से की जा रही है।मेडिकल आंकोलॉजी में विशेषज्ञों 3 पद हुए स्वीकृतरेडियोथेरेपी विभाग में 1 एसोसिएट प्रोफेसर और 1 सहायक प्राध्यापक मेडिकल फिजिस्ट के नए पद सृजन का प्रस्ताव है। इसके अलावा, इमरजेंसी मेडिसिन प्रोफेसर 1 पद, सर्जिकल विभाग में 1 प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर और 3 सहायक प्राध्यापक पद का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अतिरिक्त रेडियो आंकोलॉजी विभाग और इमरजेंसी मेडिसिन में विशेषज्ञों के नए पद सृजित किए जाने हैं। बताया गया कि इसमें से मेडिकल आंकोलॉजी में विशेषज्ञों के 3 पद विगत माह स्वीकृत हो चुके हैं।तकनीकी स्टाफ के लिए भी होंगे पदप्रबंधन के अनुसार कैंसर अस्पताल में नई अत्याधुनिक मशीन को संचालित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों के पद सृजित करने का प्रस्ताव भी भेजा गया है। इसमें थेरेपी तकनीशियन के 3 पद शामिल हैं। कुछ और तकनीकी पदों की स्वीकृति चाही गई है। इन पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। साथ में, सहयोग के लिए दो दर्जन से ज्यादा तकनीकी सहायकों को आउटसोर्स पर रखा जा सकता है।सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में नहीं हो रही सीटी एजियोग्राफी की जांचरीवा। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सीटी एजियोग्राफी की जांच नहीं हो पा रही है। पिछले दो हफ्तों से यह सुविधा यहां के मरीजों को नहीं मिल पा रही है। जांच बंद होने से मरीजों को सीटी एजियोग्राफी जांच के लिए निजी केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है। जहां जांच कराने के लिए मरीजों को ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। साथ ही मरीज का आना-जाना, जांच रिपोर्ट की गुणवत्ता प्रभावित होना सहित अन्य तरह की समस्याएँ हो रही हैं। फिर भी, अस्पताल में इस सुविधा को पुनः जल्दी शुरू कराने मेडिकल कॉलेज प्रशासन कोई ठोस उपाय नहीं कर पा रहा है। गौरतलब है कि श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन होता है। अस्पताल की सारी जांच उपचार सुविधाओं का प्रबंधन मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा किया जाता है। बताते है कि सीटी एजियोग्राफी मशीन के खराब होने की जानकारी कॉलेज प्रशासन को पहले ही दी जा चुकी है। फिर भी इसके सुधार में कॉलेज प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। नतीजन प्रतिदिन अस्पताल पहुंचने वाले सैकड़ों मरीजों को बाहर निजी केंद्रों में जांच के लिए भटकना पड़ रहा है।

# रीवा में अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, पोकलेन मशीन और हाइवा जप्त



रीवा।

संभागीय कमिश्नर की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों तथा कलेक्टर रीवा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पोकलेन मशीन और एक हाइवा वाहन जप्त किया गया।

खनिज उपसंचालक दीपमाला तिवारी एवं खनिज निरीक्षक आरती सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान अल्ट्राटेक सीमेंट की खदानों में अवैध उत्खनन करते हुए मशीनें पकड़ी गईं। खनिज विभाग ने दोनों वाहनों को जप्त कर खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।बताया गया है कि तैयार प्रकरण को निराकरण हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। विभाग का कहना है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए लगाए जा रहे हैं विशेष शिविर

**रीवा ।** शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों के सभी खसरा नम्बर एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज करके किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इसके आधार पर ही किसानों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा रहा है। रीवा जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के आयोजन के लिए तहसीलवार स्थल और तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि सभी एसडीएम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन कराएं। शिविरों के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी शिविर में उपस्थित रहकर किसानों के समस्त खसरे को फार्मर आईडी से लिंक कराएं। सभी छूटे हुए किसान अपने आधार कार्ड, खसरा और खतौनी की प्रति, मोबाइल नम्बर तथा समग्र आईडी के साथ शिविर में शामिल होकर छूटे हुए खसरा नम्बर आईडी से लिंक करा लें।

### 18 मई को यहाँ लगेंगे शिविर -

फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 18 मई को तहसील सिरमौर में राजगढ़, सुरवार, दुलहरा, शाहपुर, उमरी, जामू, मझियार, झिरिया, सथिनी, मझिगवां, सेमरा, बेढ़ौआ, टेहरा, सिसवा, मदरी, पताई, भौखरीखुर्द तथा पनगड़ी में शिविर लगेंगे। तहसील त्योंथर में फुलदेउर, नौबस्ता, टगहा, कैथी, पचकठा, कोनियाकला, कुठिला, गंगतीरकला, राजापुर, बरेठीकला, मांगी, कोरांव, अमिलिया, सोनौरी, ढगरा, बारीकला, चौरानानकार, नौढ़िया तथा ककरहा में शिविर लगेंगे। तहसील जवा में मदरी, कोटा, सोहावलखुर्द, छतैनी, कोटवा, बौसैया, अतरैला, रमगढ़वा, भिटौहा, टिकैतनपुरवा, बरहुला, चौखण्डी, डगडैया, नगमा, नीमा, भनिगवां, जनकहाई कला तथा सितलहा में शिविर लगेंगे। तहसील मनगवां में अमहा, पहरखा, बेला, टिकुरी, घुचियारी, सलैया, छिउला, जोड़ौरी, कंदैला, दुबगवां, टिकुरी, सथिनी, रघुनाथगंज, ढाढर, उलहीकला तथा उलहीखुर्द में शिविर लगेंगे। तहसील सेमरिया में थनवरिया, करमई, खारा, अटरिया, पुरवा, खम्हरिया, हिनौता, बरवाह, सुकवार, पटना, मोहरबा एक तथा दो, धरी और खड्डा में शिविर लगेंगे। तहसील हुजूर ग्रामीण में गगहरा, बरा, हरिहरपुर, इटहा, बहुरीबांध, अमवा, बांसी, बैसा, पड़ोखर, डिहिया नरसिंहपुर, बांसा, गहिरा, मड़वा, गोविंदगढ़, भिटवा, जेरूका, पैपखरा, कुल्लू तथा लपटा में शिविर लगेंगे। हुजूर नगर तहसील में मुगुरहाई, रौसर तथा भटलो में शिविर लगेंगे। तहसील गुढ़ में गौरा, अमवा, जरहा, तमरादेश, अमिरती तथा पांती में शिविर लगेंगे। इन शिविरों में पटवारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा कृषि विस्तार अधिकारियों को किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए तैनात किया गया है।

**कृषक कल्याण वर्ष के तहत कृषि रथों को दिखाई गई हरी झंडी**

# 25 मई तक चलेगा व्यापक जनजागरूकता अभियान

**रीवा ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को ₹कृषक कल्याण वर्ष₹ के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में जिले में कृषि एवं संबद्ध विभागों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय एवं समस्त विकासखंड मुख्यालयों से कृषि रथों के संचालन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, पूर्व विधायक त्यौंथर श्री श्यामलाल द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में एवं उप संचालक कृषि यू.पी. बागरी, प्राचार्य एईटीसी कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी.जे. सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. केवल सिंह बघेल, डॉ. स्मिता सिंह और डॉ. किंजल्क सिंह, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.पी.सिंह, रामजी पाण्डेय, अन्य कृषि विस्तार अधिकारी, आत्मा परियोजना के तकनीकी अधिकारी और क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह महत्वाकांक्षी अभियान जिले के प्रत्येक विकासखंड के अंतर्गत निर्धारित सभी ग्राम पंचायतों में पहुँचेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि तकनीकों का धरातल पर प्रचार-प्रसार करना है। प्रतिदिन प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर तीन चरणों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कृषकों को कृषि के साथ-साथ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, डेयरी, कुक्कुट पालन, रेशम पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं और नवीन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



इस अभियान के दौरान किसानों को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन तथा खरीफ पूर्व खेत समतलीकरण जैसे समसामयिक और बेहद उपयोगी विषयों पर विस्तार से जागरूक किया जाएगा। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक और किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहकर किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं विभागीय योजनाओं से अवगत कराएंगे। इसके साथ ही उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी, कुक्कुट एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा भी अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी और उपयोगी सामयिक सलाह प्रदान की जाएगी।

इस वृहद कार्यक्रम के सफल और सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी पुख्ता तैयारियां की गई हैं। इसके तहत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है, जो इस पूरे अभियान की निगरानी करेंगी। इस अभियान की खास बात यह भी होगी कि इसमें जिले के प्रगतिशील एवं नवाचारी कृषक खुद शामिल होकर अपने जमीनी अनुभव साझा करेंगे, ताकि अन्य साथी किसानों को भी आधुनिक खेती अपनाने की प्रेरणा मिल सके। अभियान के दौरान आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम प्रतिदिन तीन पालियों में संचालित किए जाएंगे। प्रथम पाली का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, द्वितीय पाली का समय दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक तथा तृतीय पाली का समय शाम 4 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के दल द्वारा 25 मई तक पूरे जिले में इन कृषि रथों का निरंतर संचालन किया जाएगा। इस दौरान कृषि विभाग का मैदानी अमला, कृषि विस्तार अधिकारी, एटीएम, बीटीएम, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं कोटवार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विभाग और प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान का लाभ उठाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# रीवा लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई, 5 हजार रिश्वत लेते पटवारी ट्रैप

**रीवा।** लोकायुक्त संभाग रीवा ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खजुआ कला के पटवारी मनोज पांडे को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।



16 मई 2026 को राजीव मार्ग निराला नगर रीवा में पटवारी मनोज पांडे को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 7(क) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### क्या है मामला

ग्राम खजुआ कला निवासी कमलेश पटेल ने 13 मई 2026 को लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके पिता के नाम की जमीन के सीमांकन कार्य में हल्का पटवारी मनोज पांडे 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। सत्यापन के दौरान आरोपी ने पहले 10 हजार रुपये ले लिए और 5 हजार रुपये की और मांग की।

### कैसे हुआ ट्रैप

पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन और लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित की गई।

### कौन थे शामिल

ट्रेप कार्रवाई का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार ने किया। टीम में निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया, स्वतंत्र शासकीय गवाह और 12 सदस्यीय दल शामिल रहा।


### लोकायुक्त की अपील

लोकायुक्त संगठन ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी रिश्वत मांगे तो तुरंत सूचना दें।

# वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की पूजा, पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना

**रीवा।** वट सावित्री व्रत और ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर शनिवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ पूजा अर्चना की। इस वर्ष वट सावित्री व्रत के साथ शनि जयंती का दुर्लभसंयोग बना, जिससे पर्व का महत्व बढ़ गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह शुभ योग कई वर्षों बाद आया है। सुबह से ही मंदिरों और बरगद के पेड़ों के पास महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर व्रत रखा और विधि विधान से वट वृक्ष की पूजा की। पूजा के दौरान उन्होंने बरगद के पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत लपेटते हुए परिक्रमा की और वट सावित्री व्रत कथा सुनी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वट वृक्ष की जड़ों में ब्रहमा, मध्य भाग में भगवान विष्णु और शीर्ष पर भगवान शिव का वास होता है। पौराणिक कथा के अनुसार, माता सावित्री ने इसी वट वृक्ष के नीचे तप और दृढ़ संकल्प से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। तभी से यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह व्रत वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाता है और परिवार में समृद्धि लाता है। ज्योतिषाचारों के अनुसार, इस वर्ष अमावस्या पर कई शुभ योग बनने के कारण दान-पुण्य, पूजा और शनि उपासना का भी विशेष महत्व है।सती स्त्री एक ते बार पति वरण करती हैवट सावित्री व्रत की कथा का वर्णन स्कंद पुराण में मिलता है। कथा का सार यह है कि सावित्री ने सत्यवान की अल्पायु के बारे में जानते हुए भी उनके गुणों के बारे में जानकर उनसे विवाह कर लिया जबकि उनके पिता ने उन्हें ऐसा करने से काफी मना किया। लेकिन सावित्री ने कहा कि वह सत्यवान को अब मन से अपना पति मान चुकी है और सती स्त्री एक ही बार अपना पति वरण करती है। इसलिए अब जो भी होगा वह सत्यवान से ही विवाह करेगी। समय बीतता गया और वह दिन भी आया जब यमराज सत्यवान के प्राण लेने आ गए। उस समय सावित्री ने बहुत ही साहस दिखाया और वट वृक्ष की जटाओं में सत्यवान के मृत शरीर को छुपाकर यमराज के पीछे-पीछे चल पड़ी। यमराज के प्रलोभन और भय से भी वह विचलित नहीं हुई और अपने पति के प्राण वापस लेकर लौटी।वट सावित्री व्रत पर प्रसाद में चना सबसे जरूरीवट सावित्री की पूजा में हर बती प्रसाद में काले चने जरूर अर्पित करती है। लेकिन इस बात को कम लोग ही जानते है कि काले चने प्रसाद में क्यों अर्पित किया जाता है। दरअसल यह परंपरा सतयुग से ही चली आ रही है। शनि अमावस्या पर शनिदेव को भी काले चने अर्पित किए जाते हैं और शनि के भाई यमराज को भी काले चने का प्रसाद भेट किया जाता है। दरअसल जब सावित्री की हट के आगे यमदेव विवश हो गए तो सत्यवान के प्राण वापस कर दिए। और यह प्राग यमदेव ने काले चने के रूप में दिया था। देवी सावित्री काले चने को मुंह में रखकर लाई थी और उसे अपने मुंह से सत्वान के मुंह में फेंक दिया था। इससे सत्यवान को नया जीवन प्राप्त हो गया और वह दीर्घायु हो गया। इसलिए वट सावित्री व्रत में काले चने का प्रसाद जरूर रखा जाता है। वट सावित्री व्रत में बरगद की होती है पूजा वट सावित्री व्रत में दो बातों का बड़ा ही महत्व है। जैसा कि इस व्रत का नाम है वट और सावित्री इससे स्पष्ट होता है कि यह देवी सावित्री और वट से संबंधित कथाओं से बना है। ऐसी कथा है कि सतयुग में देवी सादित्री ने एक अल्पायु पुरुष से उसकी सत्यनिष्ठा से प्रभावित होकर विवाह कर लिया। जबकि देवी को पता था कि वह पुरुष अत्यायु है। लेकिन उसे अपने पतिव्रत धर्म पर विश्वास था। इसलिए इस देवी ने अल्पायु पति की मृत्यु के बाद यमराज को भी दुविधा में डाल दिया और यमराज का पीछा करते हुए यममार्ग पर काफी आगे निकल गई। तब मजबूर होकर यमराज को सावित्री देवी के पति के प्राण वापस करने पड़े। इस दौरान वट वृक्ष ने यमराज के मृत शरीर को अपनी जटाओं में छुपाकर रखा। इससे वट और देवी सावित्री के नाम से इस व्रत का नाम वट सावित्री हुआ है।





# कलेक्टर ने हनुमना तहसील का किया निरीक्षण-अधिवक्ताओं एवं आमजनों के साथ लगाई चौपाल, समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश



**मऊगंज** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गत दिवस हनुमना तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं, ग्रामीणों एवं आमजनों के साथ चौपाल लगाकर आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। चौपाल में मुख्य रूप से पेयजल, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर जैन ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी की बात कलेक्टर के समक्ष रखी गई। कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिवक्ताओं एवं आमजन के लिए शीघ्र बेहतर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के कामकाज की भी समीक्षा की। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए,तय समय-सीमा के भीतर पात्र हितग्राहियों को राहत पहुंचाई जाए। राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और गतिशीलता लाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्माणाधीन तहसील भवन के निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं। इस दौरान एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, तहसीलदार शिवम गौतम सहित अधिवक्तागण और स्थानीयजन उपस्थित रहे।

# सबसे पहले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का होगा संचालन

रीवा।

*राष्ट्र व्यापी सूचना शिक्षा और संचार अभियान के तहत आदिवासियों को कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा प्रधानमंत्री जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के गांवों में सबसे दूर-सबसे पहले अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आगामी 25 मई तक आयोजित किए जा रहे अभियान में शिविरों के आयोजन के साथ ही वृक्षारोपण, हितलाभ वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण और आजीविका दृश्यता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमकार्ड एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से दिया जाएगा। मैदानी स्तर पर आयोजित गतिविधियों में आदि कर्मयोगी व एनजीओ ग्रामों का भ्रमण करेंगे और प्रत्येक आदि सेवा केन्द्र में जनसुनवाई कर शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग केके पाण्डेय ने बताया कि अभियान की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर जनजातीय कार्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।*